मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहती हूं और मैंने मंत्री महोदय का कई बार ध्यान भी आकर्षित किया था कि आपके खाद्य निगम के पदाधिकारी जब भी जिला स्तर पर बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वियन समिति को बैठक होती है तो उसमें भाग लेने के लिए शामिल नहीं होते हैं। वे यह कहते हैं कि यह स्थानीय और राज्य सरकारों से सम्बन्धित है, इससे हमारा कोई वास्ता नहीं है उन्हें फुर्सत ही नहीं मिलती किसानों के लिए। इसलिए मैं मंत्री महोदय से कहना चाहती हूं कि वे इसको देखें।

मैं यहां यह भी कहना चाहती हूं कि खाद्य निगम का परिचालन खर्च बढ़ गया है। इसलिए केन्द्र सरकार ने इसको दी जाने वाली सब्सीडी की राशि में बढ़ौतरी कर दी है। 1981-82 में केन्द्र ने इसे 6 अरब रुपये, 1980-81 में 6 अरब 50 करोड़ और 1979-80 में सात अरब रुपये को राशि दी है। इन निगम को दी जाने वाली सब्सीडी में दिनों दिन बढ़ौतरी की जा रही है लेकिन निगम को कार्यक्षमता में घटोतरी हो रही है।

आप जब किसी को सुविधा प्रदान करते हैं, शक्ति प्रदत्त करते हैं तो उसका उत्तरदायित्व भी बढ़ जाता है। लेकिन ऐसा लगता है कि इसके कर्मचारी, अधिकारी अपने उत्तरदायित्व को, अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझते हैं। फिर भी उन के लिए सुविधा की बात होती है जो कि सर्वथा अनुचित जान पड़ती है।

आये दिन हम देखते हैं कि खाद्य निगम के गोदामों में आग लगती है। स्टेशनों पर रखा हुआ अनाज सड़ जाता है जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान होता है। इसमें खाद्य निगम को गलती है या स्टेशन के कर्मचारियों को गलती है, इससे किसानों को कोई लेना देना नहीं है। वह तो यह चाहता है कि जब सूखा पड़ रहा हो, बाढ़ आयी हो, तब ऐसे समय में खाद्य निगम की कार्य पद्धति में सक्रियाता और सहयोग हो।

सब से बड़ी बात तो यह है कि अक्सर यह सुनने को मिलता है कि अमुक खाद्य निगम गादाम में कम तौला गया, बहुत-सी अनियमितताएं पाई गयी। यह सब

[ श्रीमती कृष्णा साही ]

किस के कारण हो रहा है ? दिल्ली के शक्तिनगर खाद्य निगम के गोदाम में भयंकर अनियमितता बरती गई थी। कई सौ क्विन्टल अनाज कम तौल कर काला बाजार में बेचा गया। इस तरह की कई कम्प्लेंट्स आई हैं और आती रहती हैं। इनकी ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं क्योंकि खाद्य निगम की कार्यक्षमता पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है।

आये दिन हमारे खाद्य निगम के अध्यक्ष बयान दे देते हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा और अखबारों में भी यह निकला कि भारतीय खाद्य निगम ने दो हजार गोदामों के अनाज को एक स्थान से दूसरे स्थान को लाने ले जाने के समय जो अनाज की बर्बादी होती है उसको रोकने के लिए एक उड़न दस्ता स्थापित किया गया है ताकि यह अनाज एक जगह से दूसरी जगह बिना बर्बादी के पहुंचाया जा सके। इसके लिए आपने उड़न दस्ता कायम किया है। लेकिन वहां जो भ्रष्टाचार है उसको भी रोकना चाहिए। कर्मचारी जो अनियमितताएं बरत रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए लेकिन यह देखा गया है कि किसी भी बड़े अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है। निगम के अध्यक्ष ने एक वक्तव्य में यह बताया भी था कि इस प्रकार की अनियमितताओं को रोकने के लिए पदाधिकारियों को व्यापक अधिकार दिये जायेंगे। अगर सचमुच में विजिलेंस रखते हुए अनियमितता करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है तो वे बहुत कुछ उत्तरदायित्व का वहन कर सकते हैं और सतर्क भी रहेंगे। उनको आदेश दिया जाए कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यन्वयन में उनकी बड़ी जरूरत है क्योंकि अनाज के साथ साथ चीनी और उर्वरक के वितरण की व्यवस्था भी उन्हें सौंप दी गई है। अगर इसमें एक सिस्टम, एक पद्धति, कड़ाई नहीं रहेगी तो आम जनता को इस से लाभ नहीं होगा। इस वास्ते इस मामले में बड़ी बदनामी से बचने के लिए खाद्य निगम के अधिकारियों को अपने को दुरुस्त करना होगा।

इस बिल को जब हम पास कर रहे हैं तो इसके पास होने से कर्मचारियों की सुविधाएं बढ़ेंगी वहां इस के साथ साथ उन्हें शक्ति भी प्रदत्त होगी। वे अपने उत्तरदायित्व और जिम्मेदारी के साथ इन सुविधाओं और शक्ति का उपयोग करें और नियंत्रण में रह कर वे किसानों और आम जनता की सेवा करें।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करती हूं।

**श्री रतन लाल प्रसाद वर्मा** (कोडरमा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत जो उसकी धारा 12, 44, 45 में संशोधन किया जा रहा है, उसका विरोध करता हूं, क्योंकि यह आप संविधान के 42वें संशोधन के अनुसार लाए हैं और यह संविधान संशोधन उस समय किया गया था जबकि इमरजेंसी थी और केवल एक दल का राज्य था। इसलिए अच्छी तरह से विचार करके संशोधन नहीं किया गया था। (**व्यवधान**)।

**15.56 hrs.**

[SHRI CHANDRAJIT YADAV *in the Chair*]

माननीय सदस्य श्री डागा जी ने कहा कि जनता सरकार के समय आपने उस संशोधन को मान लिया और कुछ नहीं किया। ऐसी बात नहीं है, क्योंकि उस समय कुछ इस तरह की परिस्थिति थी, जिसमें देश, काल और परिस्थिति के अनुसार कुछ करना संभव नहीं था और सबकी राय से उसको माना गया। इसलिए

ऐसी बात नहीं है कि जनता सरकार ने कोई अंधानुकरण किया है ।

यह संशोधन मजदूर विरोधी है । छोटे कर्मचारियों के साथ अन्याय किया गया है और बड़े अधिकारियों को बहुत अधिक शक्ति प्रदान की जा रही है । बड़े अधिकारियों को कानून बनाने का, नियम बनाने का अधिकार प्रदान कर दिया गया है, ताकि छोटे कर्मचारियों को पद-च्युत किया जा सके । सुनवाई भी जो पहले दो बार हो सकती थी, उसको घटाकर एक बार कर दिया है । इससे हजारों लोग प्रभावित होंगे ।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वे बताएं कि ऐसे कितने कर्मचारी हैं, जिनकी वजह से बिना संशोधन किए निगम का काम नहीं चल रहा है । उन कर्मचारियों की संख्या बताएं जिनके अपराधों के ऊपर संशोधन के बिना कानूनी कार्यवाही नहीं की जा सकती है ? वास्तविकता तो यह है कि ऐसी कोई बात नहीं है ।

जो बड़े बड़े ब्यूरोक्रेटस हैं, वे अपने कुकर्मों पर पर्दा डालना चाहते हैं । उन्हीं के लिये सारे प्रावधान किये जा रहे हैं । अभी हाल ही में खाद्य निगम में भ्रष्टाचार के कई उदाहरण सामने आये हैं । कई माननीय सदस्यों ने इन पर प्रकाश डाला है । कहीं अनाज सड़ रहा है, कहीं चोरी हो रही है, कहीं प्राइवेट लोगों से भंडार लिये जा रहे हैं और बड़े बड़े अधिकारी दो-दो हजार रुपया माहवारी उन मठाधीषों के अनुचित रूप से ले रहे हैं । मैं बिहार के छोटा नागपुर से आता हूं । वहां पर मैं 4–6 ऐसे गोदामों को जानता हूं जो सरकारी गोदाम खाली होने के बावजूद किराये पर लिये गये हैं । इस प्रकार का भ्रष्टाचार हो रहा है । इसी प्रकार से पंजाब में अभी पता चला है कि 60 हजार टन धान खाद्य निगम का गोदाम में सड़ रहा है और जालन्धर के मिल मालिकों ने सड़े हुये धान से चावल निकालने के लिये मना कर दिया है और कहा है कि इससे चावल नहीं निकाला जा सकता, लेकिन राजस्थान के कुछ मिल मालिकों ने, जैसा कि मैंने पढ़ा है, कहा है कि मजदूरी पर दें तो चावल बनाया जा सकता है, लेकिन ये अधिकारी चाहते हैं कि वह सड़ जाए, उसके बाद अच्छा चावल निकाल कर के भ्रष्टाचार किया जाय ।

16.00 hrs.

अभी लोग—चारों तरफ़ भूख से मर रहे हैं, भंयकर अकाल की स्थिति कई भागों में पैदा हो गई, दुर्भिक्ष की स्थिति पैदा हो रही है । लेकिन इसके बावजूद गेहूं को जलाया जा रहा है, इसको बरबाद किया जा रहा है । बिहार को गेहूं तो ओपन वैगंज में भेजा जाता है लेकिन जो कोयला है और जो ओपन वैगंज में भेजा जा सकता है और जिस के गीला होने से कोई नुक्सान नहीं हो सकता है, उसको बन्द डिब्बों में भेजा जाता है । रांची में हजारों टन गेहूं सड़ गया है बड़े अधिकारियों की लापर-वाही की वजह से । मैंने सदन में प्रश्न उठाया था इसके बारे में लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है । अलीगढ़ में सूता मिल वाले जो एफ सी० आई० के गोदाम हैं वहां से हजारों टन गेहूं चोरी करते हुये कई अफसर—पकड़े गये हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाई नहीं हुई है । गया में दस करोड़ का गेहूं जला दिया गया है क्योंकि गेहूं चोरी करके उन लोगों ने बाजार में बेचा था और उसको छिपाने के लिये यह गेहूं जला दिया गया है । यह पचानपुर की बात है । किन किन अधिकारियों को सजा हुई है क्या आप यह बतायेंगे ? आप

[श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा]

बड़े अधिकारियों को और भी अधिक पावर्ज नियम बनाने को दे रहे हैं लेकिन किन कारणों से इस तरह की घटनायें होती हैं क्या आप यह बतायेंगे? छोटे कर्मचारियों की वजह से नहीं बल्कि बड़े कर्मचारियों की वजह से इस तरह की बातें होती हैं।

एफ० सी० आई० में भयंकर भ्रष्टाचार है। इस उपक्रम में अरबों रुपया आपका लगा हुआ है। बड़े अफसरों का ही ज्यादातर भ्रष्टाचार में हाथ होता है। उनकी वजह से ही गेहूं सड़ता भी है। गेहूं को ठीक तरह से रखा नहीं जाता है। इसमें बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी हैं। नीचे का गेहूं गोदामों में कई बरस तक पड़ा रह जाता है और ऊपर का निकालते जाते हैं। नतीजा यह होता है कि जो नीचे का गेहूं होता है वह सड़ जाता है। इसको बचाने के आपको उपाय करने चाहियें। नीचे का गेहूं पहले निकाला जाय इसकी आपको व्यवस्था करनी चाहिये। गेहूं के सड़ने की खबरें बराबर छपती रहती है जिस में करोड़ों का घाटा होता है। लोग दाने दाने के लिए तरस रहे हैं भूखों मर रहे हैं लेकिन यहां गेंहूं सड़ रहा है। छोटा नागपुर में दो साल से लगातार अकाल है। इस बार भी भदई की फसल बिल्कुल समाप्त हो गई है। खरीफ की फसल दस प्रतिशत भी होने की संभावना नहीं है। हम बिहार सरकार से कहते हैं तो कह दिया जाता है हमारा कोटा बन्द कर दिया गया है। इस कारण हम कुछ नहीं दे सकते हैं, आप लोग यहां हल्ला करें। अखबारों में लगातार यह छप रहा है कि आदिवासी पत्तियां खा कर जी रहे हैं, पेट भर रहें हैं, मालूम नहीं यहां मंत्री जी को पता है या नहीं एन आर पी तथा दूसरे जितने कार्यक्रम हैं इनको जमीन पर नहीं चलाया जा रहा है। सभी काम सरकारी कर्मचारियों पर छोड़ दिये गये हैं। गांव का मुखिया या जन प्रतिनिधि उसको देखें इसकी जरूरत ही नहीं समझी जाती है। केवल भ्रष्टाचार का ही व्यापार चल रहा है। इस दिशा में सचेष्ट होने की जरूरत है। बिहार सरकार से कहते हैं तो जवाब मिल जाता है कि केन्द्र से बात करो। केन्द्र से कहते हैं तो कह दिया जाता है कि हम ने काफी एलाटमेंट किया है। इस तरह से एक दूसरे पर जिम्मेदारी फेंका फेंकी करने से काम नहीं चल सकता है। इसका नतीजा यह होने वाला है कि छोटा नागपुर की आधी से ज्यादा जन संख्या भूख से मर जायेगी। उसकी रक्षा करने की आप व्यवस्था करें।

कानून में छोटा सा परिवर्तन करके अगर आप समझते हैं कि ए० सी० आई० की जो प्रशासन व्यवस्था है यह सुधर जाएगी तो यह आपकी भूल है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकेगी ऐसा मालूम नहीं देता है। छोटे कर्मचारियों का जो थोड़ा सा विचार किया गया है उतना ही उपादेय नहीं है। हजारों की संख्या में केज्युअल लेबर एफ० सी० आई० में पड़ी हुई हैं जो दस दस बरस से काम कर रही है और जिस को अभी तक रेग्युलराइज नहीं किया गया है। बड़े अधिकारी अपने अपने लोगों को, मजदूरों को मस्टर रोल्ज पर रख लेते हैं, पुराने लोगों की तरफ ध्यान ही नहीं देते हैं और उनको निकाल बाहर कर देते हैं। हजारों का वे अनुचित लाभ उठाते हैं। इस तरह की बातें सभी जगह चल रहीं हैं। इस दिशा में भी सरकार को एक स्पष्ट आदेश का प्रावधान करना चाहिये था कि इसमें भी अगर कर्मचारियों को उचित प्रोत्साहन नहीं दिया जायगा तो गेहूं सड़ेगा और उसको इधर से उधर निकालने में भी अन्यमस्कता आयेगी इस प्रकार से गोदामों में भयंकर गड़बड़ियां होती हैं। इसलिये इसमें व्यापक संशोधन लाने की आवश्यकता है।

इस संबंध में यह कहा जाय कि यह मच्छर पर पिस्तौल चलाने जैसा बिल है और इससे अपराधियों को कोई सजा नहीं मिलने वाली है तो ठीक है। इससे ज्याद रिलीफ नहीं मिलने वाला है, इस लिये मैं इस बिल का विरोध करता हूं।

**श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी** (शिमला) : सभापति महोदय, मंत्री महोदय जो खाद्य निगम (संशोधन) विधेयक यहां लाये हैं, उसका मैं समर्थन करता हूं।

मैं ऐसा समझता हूं कि 42वां अमेंडमेंट एक्ट उस वक्त के हालात के मुताबिक, जब देश में अनाज की पैदावार हो रही थी, और देश में गड़बड़ पैदा करने के मनसूबे किये जा रहे थे, उस वक्त लाया गया था। आज कर्मचारियों को अनुशासन में लाने के लिये जो अमेंडमेंट आई है, इस पर हमारे विपक्ष के लोगों को एतराज नहीं करना चाहिये।

मैं समझता हूं कि यह निगम किसानों के लिये बनाया गया है ताकि किसानों से उनका माल खरीदे और जरूरतमन्दों को अनाज का वितरण करे, लेकिन हो क्या रहा है, वह मैं आपकी नजर में लाना चाहता हूं।

हिमाचल प्रदेश और जितने पहाड़ी क्षेत्र हैं, वहां का कोई कर्मचारी उस निगम में नहीं है। आज इसमें दुकानदारों के लड़के लगे हुये हैं, जिनका काम करने का तरीका यह है कि वह ट्रकों पर कमीशन लेते हैं और जो माल सप्लाई करता है प्रदेशों में, जैसे श्रीमती कृष्णा साही और डागा साहब ने कहा आज यह निगम घाटे में चल रहा है कारपोरेशनकी जितनी धान की मिलें हैं सब घाटे में चल रहीं हैं। हमारे कृषि मंत्री स्वयं किसान हैं और वह किसानों की प्राबलम को समझ सकते हैं, मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि हमारे यहां का जितना सेब यहां आजादपुर में जाता है, उसे सारे आढ़ती अपनी मर्जी से बेचते हैं, उन पर कोई पाबन्दी नहीं है। जब तक आप बिचौलियों को खत्म नहीं करते हैं, तब तक हमारे देश में यह निगम उन्नति नहीं कर सकते हैं। हमें किसानों को उठाना है, उन्हें बेहतर बनाना है तो उनका रिप्रैजन्टेशन उसमें होना चाहिये। ऐसा बोर्ड बनाना चाहिये जिसमें किसान लोग अपनी राय दे सकें और उनकी बात सुन कर निगम में काम चले तब ही काम ठीक हो सकता है। मेरे देखने में ऐसा आया है कि जितने कारपोरेशन हैं, उसमें सब कोई डायरेक्टर हैं, हमारे यहां पर भी फोरेस्ट कारपोरेशन हैं, स्टेटस में जितने कारपोरेशन हैं, उनके कर्मचारी ठीक ढंग से काम नहीं करते हैं आप कर्मचारियों को यहां पर 2 बात समायत करने का अख्त्यार दे रहे हैं, यह अच्छी बात है, उनको हक होना चाहिये कि अपनी बात कहें लेकिन जो कर्मचारी वाकई में सेवा नहीं करते हैं, किसानों का शोषण करते हैं, उनको बर्दाशत नहीं करना चाहिये।

हमारे यहां सी० पी० एम० के जो लोग हैं, प्रोफेसर साहब ने कहा कि बंगाल और त्रिपुरा में अनाज का बड़ा घाटा पड़ गया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब फूड फार वर्क में आपको अनाज मिला, उसका यूटिलाइजेशन भी आपकी सरकार ने वहां पर नहीं किया। आप जैसा चाहें, वैसा कर लेते हैं। अपनी पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिये आपकी सरकार काम करती है। ऐसा हिन्दुस्तान में और कहीं नहीं है, जैसा इन राज्यों में होता है। जब यहां पर चर्चा होती है, तो आप सारे के सारे यहां पर एक मत होकर वोट करना शुरू कर देते हैं।

[श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी]

अभी हमारे सी० पी० एम० के भाई ने कहा कि पिछली जो सरकार थी, उस का भी कसूर है। जनता पार्टी की सरकार 1977 में आई और 1980 में चली गई, लेकिन उसने भी कोई अमेंडमेंट नहीं की। हमारे एक भाई ने कहा कि उनको समय नहीं मिला। एक अमेंडमेंट तो उन्होंने कर ली; उन्होंने अपने जो संसद सदस्य थे, उनकी मियाद घटाने का संशोधन तो कर लिया लेकिन जो ब्लैक मार्केटियर्स थे, उनका नहीं करने दिया। यह सारा कसूर किस का है ?

हम कहते हैं कि हमने तो संशोधन कर दिया। अब प्रापर टाइम पर हमारे मंत्री जी हाउस में यह लाये हैं कि इसमें यह संशोधन कर दिया जाय। जहां यह संशोधन होगा, वहां अगर हमें देश को आगे ले जाना है, तो निगम के कर्मचारियों को निगम की ऐसी रूपरेखा तैयार करनी होगी, कि सारे देश में अनाज का वितरण ठीक ढंग से हो जाये। किसानों का माल ठीक ढंग से लेना चाहिये, ताकि उन्हें किसी प्रकार का घाटा न हो। गढ़वाल, मिजोरम, नागालैंड, आसाम, हिमाचल प्रदेश और काश्मीर वगैरह पहाड़ी इलाकों में वहां के मुलाजिम नहीं होते हैं। नीचे के लोग वहां जाते हैं, जो काम में दिलचस्पी नहीं लेते। हमारे यहां कारपोरेशन के कर्मचारी परवानू से कर शिमला तक जाते हैं और वहां से वापस आ जाते हैं। उन्हें फ़ील्ड का पता हीं नही चलता है। अगर निगम के काम को सुजारू रूप से चलाना है, तो वहां के स्थानीय लोगों को भर्ती किया जाय, ताकि हमें फ़ायदा हो सके।

इस सिलसिले में मेरिट की बात कही जाती है, कहा जाता है कि ये लोग गांव के पढ़े हुए हैं। हमारे यहां पहाड़ों में स्कूल कालेजों की संख्या बहुत कम है। इसलिए वहां के लोग काम्पीटीशन में रह जाते हैं। वहां पर सिलेक्शन वहां के हालात के मुताबिक होनी चाहिए, ताकि निगम का काम अच्छी तरह से चले और लोगों का अनाज नियमित रूप से मिल सके।

भारतीय जनता पार्टी और दूसरे विरोधी दलों मुल्क को तबाह करना चाहते हैं। वे सब इन्दिरा जी का विरोध करते हैं, लेकिन वे आपस में बंटे हुए हैं। सरकार के खिलाफ़ बात करने में वे युनाइटिड हो जाते हैं। वे मुल्क को दिखाना चाहते हैं कि विरोधी पक्ष एक है। लेकिन वह एक नहीं है, उसकी कई बोलियां हैं और लोग इस बात को जानते हैं। सी० पी० एम० के सदस्य ने जो कुछ कहा है, मैं उसका खंडन करता हूं। वहां की सरकार ने सिर्फ़ अपने कामरेडों में अनाज का वितरण किया है और बाकी लोगों के साथ भेदभाव किया है। ऐसी व्यवस्था भी करनी चाहिए कि जिन राज्य सरकारों ने अनाज का मिसयूज़ किया है उनकी जांच-पड़ताल हो सके।

हमने राव साहब को पत्र लिखे हैं कि निगम के कुछ कर्मचारियों ने क्या किया है। परवानू में फ़ूड कार्पोरेशन का एक गोदाम है। वहां पर एक बोरी अनाज के लिए पांच दस रूपये का कमीशन लिया जाता है। सारे हिमाचल प्रदेश में अनाज का वितरण वहां से होता है। इसकी जांच होनी चाहिए। ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ़ एक्शन लेना चाहिए और जो आदमी बेईमान है, उसे करप्शन के अपराध में सज़ा देनी चाहिए। मेरा यह भी सुझाव है कि निगम के कर्मचारियों को ज़िले के डिपुटी कमिश्नर के अंडर होना चाहिए। ऐसा करने से काम ज्यादा अच्छे तरीके से हो सकेगा।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

RAO BIRENDRA SINGH: Mr. Chairman, Sir, I am thankful to the hon. Members who have appreciated the need for my bringing this Amendment Bill before this House. I am also very grateful for their suport to this Bill. But at the same time I fail to understand the opposition to this very simple measure by some of my friends. Mr. Satyasadhan Chakraborty, as usual, has critcised the Government and alleged discrimination against West Bengal in the matter of supply of fodgrains. The mater has been discussed many times in the House and I have always proved that theirallegations are absolutely unfounded and baseless.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): They have been specially favoured.

RAO BIRENDRA SINGH: I strongly refute his allegations even now. West Bengal has been receiveing the highest allocation of foodgrains of any State in the country. They have enough stock and supply of foodgrains are steady and they are being maintained. Every time the Minister from West Bengal or hon. Members have discussed the matter with me, I have always felt that they have gone back satisfied. But when I hear them in the House, it is always the same story....

PROF. N. G. RANGA: They are very good merchants.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Wagons do not move.

PROF. N. G. RANGA: Very good merchants you are.

RAO BIRENDRA SINGH: Wagons move but you do not move You have taken up a line and you want to run along it—only for the consumption of the people in West Bangal.

I cannot understand how on the one side Mr. Chakraborty and some other friends have cricised FCI for inefficiency and corruption. An organisation runs on its workers. Its performance depends upon the integrity, honesty and efficiency of the workers and the discipline that we can maintain amongst them. When we want to enforce a better discipline amongst, the workers, we are being opposed. This is nothing new. The provision for giving a second opportunity to some of the employees of the FCI was only for those who were transferred from the Food Department of the Government India. There are a total of 72,000 — nearly 72,500 employees in the FCI. Out of them about 15,500 are these transferees. The rest of the employees out of those 72,000 odd employees are 57,000 employees. These employees were not getting this second opportunity under the FCI Act. This was only a preferential treatment to the Government employees because it has to be provided under the Constitution then prevailing. Now the Constitution no longer requires that this second opportunity for Government servants is essential. We want to bring both these types of employees on par and they wil all get equal opportunity. You know how the cases of discipline drag on for long periods. Inquiry first, then charge-sheet, then after inquiry another show-cause notice is given, another opportunity is given asd on one pretext or the other the employees can delay the decision of the case. It is absolutely necessary that diciplinary cases are decided at the earliest—as early as possible. They are not allowed to take any advantage of some provision in the Act or the rules which gives them the benefit of escaping punishment for an indefinite period. That is why I have brought this Bill before the House.

Mr. Chakraborty has raised certain other points—substandard foodgrains being supplied to West Bengal and Tripura.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: All the States.

RAO BIRENDRA SINGH: You mentioned only Tripura and West Bengal. You are not concerned with the rest of them.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Orissa also.

RAO BIRENDRA SINGH: You have sympathy for Orissa also.

MR. CHAIRMAN: His eyes are on Orissa now.

RAO BIRENDRA SINGH: Probably, eastern U.P. and Bihar should be careful.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: They are fortunate.

RAO BIRENDRA SINGH: It is absolutely wrong to say that sub-standard rice is being forced upon the people of these States.

We have laid down rules. Mr. Chitta Basu, you had discussed this so many times. I do not know what happens to you when you come to the House. I think when you get an opportunity outside, you are most reasonable.

Wherever any substandard foodgrain is being issued from the FCI godowns, the State Government can always ask for a joint inspection by the Officers of the State Government and the F.C.I. If it is substandard, it will not be issued. I would like to hear the complaints from the hon. Members wherever the FCI does not conform to this rule that we have laid down. It is not happening. Somehow, some hon. Members from the Opposition Benches always want to make use of an opportunity to criticise the Government through the FCI.

Another hon. Member has raised certain points which in fact, to my mind, are not very relevant at this time when we are only discussing a small amendment to the Bill with regard to service conditions in respect of one section of the employees. Some hon. Member said—I think it was by Mr. Sivaprakasam who is not here—that the FCI has not purchased rice from Andhra Pradesh. Procurement this year is an all-time record. Rice and wheat put together during this year has already reached the figure of 14.7 million tonnes. It has exceeded and it is the highest ever achieved. Rice also has been procured to the maximum. In Andhra Pradesh, the problem is about the free-sale rice which is being collected by the Mills and some stockists. There is a levy on the mills. The levy portion is collected by the FCI. The rice is all meant for free sale. If there is a stock limit imposed, then, the millers and the stockists would not be able to keep huge quantities of rice but, since no stock limit has been imposed in Andhra Pradesh, this rice is being stocked.

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी) बिहार में कितना है प्रोक्योरमैन्ट ?

राव बीरेन्द्र सिंह : बिहार में प्रोक्योरमैन्ट कभी हुआ हो तो बताऊं ।

श्री कमला मिश्र मधुकर : आपने अभी कहा है आल टाइम रिकार्ड प्रोक्योरमैन्ट हुआ हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : हरियाणा और पंजाब का ज़िक्र करदूं, अगर आप चाहें तो । बिहार मेरे बस की बात नहीं है ।

Sir, it is in the hope that the stockists and millers would be able to export this rice and make huge profits, they have been collecting this. There is a lobby working already. The price of rice in Andhra Pradesh which is a rice producing State is rising whereas huge stocks of rice are lying with the stockists, millers and others. I am still trying to persuade the Andhra Pradesh Government to impose a ceiling on stock-limit so that all this comes out and it can be a free flow to other States. We can think of that and prices can also be brought down.

PROF. N. G. RANGA: They want to export free rice.

RAO BIRENDRA SINGH: They are wanting to export. There is a lobby trying to pressurise by inspiring news

through the press that huge stocks are lying and they are not being allowed to be sold. All this rice is meant to find its way to the market so that the consumers get some relief from the bumper crops. We have not allowed anybody to export fine and super-fine qualities of rice except the FCI. It is canalised through FCI. It is Government to Government accounting.

One hon. Member also raised a question about supply of foodgrains to neighbouring island countries. This is not the job of FCI to supply foodgrains to those countries. If they want to purchase something from India they are welcome. We want to help our neighbouring countries. But it is a question of settlement of price. We cannot give cheaper than our cost. If they find cheaper somewhere definitely they will not purchase from us.

PROF. N. G. RANGA: Is the FCI prepared to purchase the accumulated stock of rice?

RAO BIRENDRA SINGH: FCI has purchased some and if FCI falls short of its export commitment then they will make further purchases but we want that if there is any surplus stock of rice it should come in the market so that people may get benefited.

Another hon. Member mentioned about the wheat lying in open in U.P. and other places. So far as I know most of the purchase of wheat is done by State Governments and not by FCI. To benefit the farmers this time we had allowed relaxation for purchase of wheat. We allowed even upto 20 per cent slightly damaged wheat to be purchased but some State agencies in collusion with the traders have purchased very badly damaged wheat and FCI has to think twice before taking over this stock because we will not be able to distribute it.

PROF. N. G. RANGA: What State!

RAO BIRENDRA SINGH: Some hon. Member talked about U.P. We want to take over all wheat that has been purchased by the States within the specifications that we had laid down but if it is unfit for consumption FCI cannot take the blame for it. State Governments will have to accept responsibility.

Sir, a fear has been expressed that lowest paid employees will be punished and the officers will go scot free and that there are different rules regulating disciplinary cases against officers and other regulations about the rest of the staff. We are aware of the need to take disciplinary action against the higher rung of officers because if they are properly dealt with and if they do their job properly they will also accept responsibility for maintaining discipline and efficiency amongst their subordinates. At least this is my policy. Wherever I find that the subordinate employees have erred the people above them must always be held responsible because it is not the Government responsibility to go down to the lowest level of employees for the purposes of maintaining discipline and efficiency and honesty. We have to first see that our officers are honest.

Mr. Daga mentioned about certain Reports that had not been placed before Parliament and the Committee on Public Undertakings have reported on it. This was the period before this Government came to power. That relates to 1978-79 and 1979-80. After receipt of this report of the Committee on Public Undertakings for the year 1981-82 we had taken action. I had been reported to Parliament on 29-3-82 regarding the action which has been taken by Government.

SHRI SONTOSH MOHAN DEV: What about the North Eastern region?

RAO BIRENDRA SINGH: It is being looked after very well, you should rest assured. Even in the year 1979-80 (during the worst drought year) we did not allow anybody to starve. Food supplies were rushed, even if we had to drop food from the air.

[Rao Birendra Singh]

Now we are trying to build up sufficient stocks of foodgrains in these North Eastern States. But we know the difficulties of transport particularly during the monsoon. There, we have certain problems. There are certain bottlenecks on account of Railways; there are difficulties in moving food supplies to these parts. Supplies have to be taken there through the metre gauge. But I must admit that we have not been successful to the extent that we wanted to build up stocks there. Of course, the Railways have done their best; they have been moving whole ranks of food supplies to these North Eastern regions during the past few months. Some hon. Members met me including Prof. Satyasadhan Chakraborty some days back; he was convinced that supplies had improved and Railways were doing very good work. But now I don't know why he is keeping quiet about all this. The Food Corporation of India does not earn any Profit. The Food Corporation of India in fact distributes food involving very heavy subsidy which is met by the Government of India. On every quintal at present we pay subsidy of Rs. 40/- for the Consumer. The Food Corporation of India, in that sense, is not a commercial organisation; it only procures foodgrains and distributes them according to the policy laid down by the Government of India. Even the price paid to the farmers is done under the orders of the Government and they have no say in this matter. Therefore, I think it would be wrong to blame the FCI for paying less price to the farmers.

I think Mr. Shailani expressed his concern at the carrying cost of the FCI. FCI maintains large stocks over the years. There is interest and godown charges and handling charges. There is of course loss in godown, loss in transit. But I must say that the loss in transit and loss in godown is being kept to the minimum. We are trying to see that the loss in foodgrains in the godowns is of the order of about one percent. At present it is one-and-a-half per cent. The same is the case of percentage of loss in transit and there also we are trying to reduce it to one per cent. as the maximum. That I think will be a fairly satisfactory position if the FCI could do it.

Mr. Sultanpuri talked about employment of Hill People. The Food Corporation of India has certain regulations. They have got a system of recruitment of people. (*Interruptions*) The Hill People are very honest people. They are very hard-working; I have every sympathy for Mr. Sultanpuri and his area. We shall certainly see what we can do in this matter. But we cannot lay down any percentage State-wise or Tribe-wise or Caste-wise in this matter. They shall also get their full share in employment through the Employment Exchanges. I have issued orders that the Local Employment Exchanges must be asked to forward names. Recruitment is not to be done at regional or zonal level where some people who are clever-enough might get themselves registered. The people in the interior areas, in the districts and small towns do not come to know what is the requirement of F.C.I. for employment. We are trying to see that all people get a fair share in employment under the F.C.I. I think these are all points I could mention. I cannot cover every point that the hon. Members have mentioned. But I hope that they are satisfied and I commend this Bill to the House.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: The Public Undertakings Committee have mentioned about the procurement of foodgrains. They have pointed out that the F.C.I. procures only 12 per cent of wheat, coarse grains and rice meaning there by that a large percentage of foodgrains get out of F.C.I. If that is so, how are you going to control the procurement system? If you procure only 12 per cent. of the total foodgrains, it means that middlemen are operating and you cannot control them. So, what are you thinking about the increase in the percentage of procurement of foodgrains?

RAO BIRENDRA SINGH: We undertake to purchase all the surplus foodgrains that come to the market—wheat, rice and paddy. But we do not work under a policy of nationalisation of foodgrain trade. We do not want to purchase everything.. We do not want to keep the private trade out. At the same time, we cannot and do not want to force the farmer to sell only to the Government agencies. We want to give remunerative prices to the farmer to see that he does not suffer any losses in production and when he freely sells the foodgrains to the Government agencies, that is all acceptable to us and with that we build up our stocks. The farmer has also the right to sell the foodgrains at higher prices if he wants to do so. That is why the whole country is kept as one zone and the movement of foodgrains is allowed. It is not physically possible for the F.C.I. or for that matter any Government agency to purchase the entire quantity of 132 million tonnes or 134 million tonnes of foodgrains that are produced in the entire country and then undertake the responsibility of supplying the same to every citizen of India.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill further to amend the Food Corporation Act, 1964, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: We shall now take up Clause by Clause consideration of the Bill.

The question is:

"That Clauses 2 to 5 stand part of the Bill".

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 5 were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

RAO BIRENDRA SINGH: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill be passed."

PROF. N. G. RANGA: Mr. Chairman, I have a submission to make. I generally agree with my hon. friends in regard to this Bill and also the activities of the F.C.I. But I am surprised that quite a number of my hon. friends and colleagues go on saying that they are in favour of the Bill and at the same time, all the time they are criticising it. I do not know the logic of it. Apart from this, I would like to make one suggestion to my hon. friend, the Food Minister. The loss in the stock and in storing the foodgrains can be brought down from 1.5 per cent to 1 per cent. But then the difference between 1.5 per cent and 1 per cent is about 33 1/3 per cent of the total or So, it is a big margin when looked at in terms of the total quantity. That is what is very much upsetting the people as such.

Secondly, in many places there are not enough of godowns for storage. I would like the Planning Commission to place at the disposal of the F.C.I. and the Food Ministry sufficient funds and in sufficient time also so that the storage capacity can be increased and it would not be necessary for the CFI to keep foodgrains, specially paddy as also wheat, exposed to the inclemencies of weather. In many places, the foodgrains are stored in the open; they are exposed to the heat as also the rains, and so much damage is taking place. Ordinary folk do not know how much is being lost, but they see the wastage of it, and they are very much hurt. They think that the rest of the foodgrains must be getting damaged in the same manner. Therefore, it creates a bad impression. I would like the

[Prof. N. G. Ranga]

Minister to approach the Planning Commission and the Finance Ministry and whatever authorities might be interested in it for providing the necessary funds and see to it that at the earlist possible opportunity and to the largest extent possible, the storage capacity that is needed by the FCI comes to be constructed and the money needed for it comes to be allotted.

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा): माननीय सभापति महोदय, मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं।

पहली बात तो यह है कि ये वेस्ट बंगाल के लोग पैदा तो कुछ नहीं करते और खाने के सिवाय कोई काम नहीं है। जब से वहां कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार आई है, वहां का उत्पादन 5 मिलियन टन से घटकर 2.3 मिलियन टन रह गया है। जितनी पैदावार वहां कम हुई है, उतनी कहीं कम नहीं हुई।

**श्री सत्यसाधन चक्रवर्ती** : राजस्थान के बारे में बोलिए।

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : राजस्थान में तो उत्पादन बढ़ा है, लेकिन बंगाल में घटा है। मंत्री महोदय जितना ज्यादा से ज्यादा इनको देते हैं, उतना ही ....।

**श्री राव बिरेन्द्र सिंह** : उतना ही ये काटने को आते हैं।

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : जी हां, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं, अभी मैं चुनाव के समय कलकत्ता गया था। वहां के खाद्य विभाग के लोगों को फूड कारपोरेशन में लिया गया था, उनको अभी तक आब्जर्व नहीं किया गया है। ये इंटक यूनियन के लोग हैं, जिनको अभी तक आब्जर्व नहीं किया गया है।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Now the cat is out of the bag. All the employees unions belong to them and they are accusing us.... (*Interruptions*).

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : हमारी शिकायत तो इनके खिलाफ भी है कि इनकी सरकार ने उन कर्मचारियों की देखभाल नहीं की। उनको अभी तक पे स्केल्स नहीं मिल रहे हैं। जब भारत सरकार ग्रेड नहीं दे रही है तो इनकी सरकार का कर्त्तव्य है कि उनको संरक्षण दिया जाए।

RAO BIRENDRA SINGH: He can also plead the cause of employees, not only you.

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : इसलिए मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जिस तरह का व्यवहार इनकी सरकार ने किया है, उस तरह का व्यवहार केन्द्र सरकार की ओर से न किया जाए और उनके लिए उचित व्यवस्था की जाए।

एक मेरा निवेदन यह है कि जो कानून आप लाए हैं, मैं तो इससे भी सख्त कानून लाने की बात कहता हूं। मैं तो कहता हूं कि यदि सरकारी कर्मचारी अपराध करता है तो ये तो कहते हैं कि ऐसे भ्रष्टाचार फैलाने वाले को सेकेण्ड चांस दिया जाए, मैं तो चाहता हूं कि ऐसे लोगों को पहले ही चांस में गोली से मार दिया जाना चाहिए। जब तक इस तरह की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक करप्शन नहीं मिट सकता। सरकारी कर्मचारियों को जो आपने 311 की सहूलियत दे रखी है उसकी वजह से वे डरते नहीं हैं, इस धारा से उनको प्रोटेक्शन मिलती है, इसकी वजह से वे कितना ही कुरप्शन करें, बेईमानी करें, भ्रष्टाचार करें सरकार उनके खिलाफ कुछ नहीं कर सकेगी। सरकार को चाहिए कि इस

प्रोटेक्शन के बारे में वह कुछ करें। अगर देश से आपको भ्रष्टाचार को मिटाना है, अन्याय मिटाना है तो निश्चय ही आपको 311 के बारे में कोई न कोई कदम उठाना पड़ेगा। तभी भ्रष्टाचार और बेईमानी मिट सकती है और न्यायपूर्ण व्यवस्था आप देश को दे सकते हैं। वर्ना सरकारी कर्मचारियों की जो लूट है वह जारी रहेगी। एफ० सी० आई० 500 करोड़ से ज्यादा का घाटा दिखाता है। किसान के फर्टिलाइजर, इरिगेशन, बिजली के दाम आप बढ़ा देते हैं। एफ० सी० आई० में 72000 कर्मचारी काम करते हैं। इनको आप दिन-ब दिन ज्यादा से ज्यादा पैसा दे रहे हैं। देश के किसान को आप फायदा नहीं पहुंचा रहे हैं। किसान को आप रियायती दरों पर खाद, पानी, बिजली आदि दें ताकि वह ज्यादा पैदा करके आपको सही दामों पर और अधिक अनाज उपलब्ध करा सकें। ऐसा आपने किया तब तो फायदा होगा वर्ना हजारों करोड़ों रुपया इन सरकारी कर्मचारियों को आप देते जाएंगे तो हम तो बरबाद हो ही रहे हैं और और होते जाएंगे और वे और भी ज्यादा खुशहाल होते चले जाएंगे। जो देश के मालिक हैं वे तो एक टाइम भूखे रहते हैं, नंगे रहते हैं, उनको कुछ नहीं मिलता है लेकिन ये लोग कारों में, हवाई जहाजों में घूमते हैं और सब प्रकार के ऐशो आराम में रहते हैं। इस व्यवस्था को आप ठीक करें ताकि गरीब किसान अपने पांव पर खड़ा हो सके और आर्थिक उन्नति देश की हो सके।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : मैं इस विधेयक का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। तीन बातें मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं।

भ्रष्टाचार की चर्चा सब जगह है, सर्वत्र है। कहां नहीं है, यह सवाल पूछा जा सकता है। भ्रष्टाचार खाद्य निगम के रोम रोम में समा गया है। जो लोग गल्ला एक गोदाम से दूसरे गोदाम या ट्रेन से गोदाम में ढो कर ले जाते हैं, ऐसे लोगों का हजारों रुपये का बकाया पड़ा हुआ है और आपके अधिकारी उसकी अदायगी नहीं कर रहे हैं। बिहार के ऐसे बहुत से उदाहरण हैं। दो उदाहरण मैंने आपके पास भेजे हैं। इसको छः महीने से अधिक का समय हो गया है। फूड कारपोरेशन के चेयरमैन की चिट्ठी भी मेरे पास आई है कि इसकी जांच करवा रहे हैं लेकिन वह अभी तक चल ही रही है। वहां का रिजनल मैनेजर भी बदल गया है लेकिन जांच पूरी नहीं हुई है। जिन का पैसा फंसा हुआ है उनको अपना कारोबार करने में इस वजह से कठिनाई हो रही है।

गोदामों से बहुत बड़ी मात्रा में खाद्यान्न लोग चोरी करके ले जाते हैं, इसकी आप रोकथाम नहीं कर पाते। कोशिश जरूर करते हैं लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाती। इस में कारपोरेशन के ऊपर के अधिकारियों की मिलीभगत रहती है। इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिए। जिन का बकाया सालों साल से पड़ा हुआ है, वह उनको दिलवाया जाना चाहिए ताकि वे आपकी सेवा और भी अधिक दिलचस्पी के साथ कर सकें।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : कितना पड़ा हुआ है ?

**श्री रामावतार शास्त्री** : मैंने पत्र भी लिखा है और कहें तो नाम भी बता दूं ?

राव बीरेन्द्र सिंह : फार्मर्ज का ?

श्री रामावतार शास्त्री : उनका जो गोदामों में ट्रकों से गल्ला ले जाते हैं या पहुंचाते हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : ठेकेदारों का ?

श्री रामावतार शास्त्री : ठेकेदार कहिए, मैं घबराता नहीं हूं, । उनको कोई उचित बात होगी तो कहनी ही होगी । ग्राम तौर से मैं ठेकेदारी प्रथा का समर्थक नहीं हूं । लेकिन ग्राप उनके समर्थक हैं । उनका पैसा ग्रगर बकाया है तो दीजिए या कानून बनाइये कि ठेकेदारों.... (इंटरप्शंज) दो ग्रादमियों की बात मैं कर रहा हूं, जान पहचान वाले हैं । ग्रामतौर से मैं ठेकेदारों की बात नहीं करता हूं । लेकिन एक बात मैं कह दूं कि छुईमुई मैं नहीं हूं कि ग्रापने ठेकेदार कह दिया तो मैं चुप हो गया । ग्रगर किसी ठेकेदार या विजनेसमैन के साथ कोई ग्रन्याय हो तो क्या यह कहा नहीं जा सकेगा ? मैंने इसी ग्रर्थ में कहा है, इसका दूसरा ग्रर्थ मत लगाइये ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : यह कम्युनिस्ट की जबान से बात ग्रा रही है ।

श्री रामावतार शास्त्री : कम्युनिस्ट की जवान से ही बात हो रही है, ग्रापको तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए । ग्राप मजदूर नेता होकर जब मजदूरों के खिलाफ बोल गये ? कैसे मजदूर नेता हैं ग्राप, यह ग्राप जानिये ?

श्री सत्य साधन चक्रवर्ती : बाहर जा कर दूसरी बात कहते हैं ।

श्री रामावतार शास्त्री : कर्मचारियों के सवाल के बारे में मैं यह कहता हूं कि ग्रखबारों में रोज निकलता है कि ग्राज वहां हड़ताल हो रही है, ग्राज वहां नोटिस दिया जा रहा है । उनकी कठिनाइयों की तरफ ग्रापका ध्यान जाना चाहिए। इनके कहने से मत मान लीजिये कि उनके कर्मचारी फोर्थ ग्रेड से लेकर सब खुशहाल हैं, उनकी तरफ ग्रापका ध्यान जाना चाहिए ।

ग्राप स्वयं कहते हैं कि ग्रापके गोदामों में गल्ले की कमी नहीं है, लेकिन राज्य सरकारें चिल्ला रही हैं कि गल्ला नहीं मिल रहा है । उनका कोटा भी ग्राप काट रहे हैं । मेरे ख्याल से हमारे बंगाल के साथी कामरेड चक्रवर्ती ने कहा था;

राव बीरेन्द्र सिंह : इनका तो बढ़ाया है ।

श्री रामावतार शास्त्री : कि ग्राज ही या कल कामरेड ज्योति वसु, मुख्यमंत्री का ग्रखबार में निकला है । ग्राप जबाब भी उनको नहीं देते, यह भी लिखा था । तो उनकी जितनी ग्रावश्यकता है;

(व्यवधान)

श्री एन० के० शेजवलकर (ग्वालियर) : कामरेड पार्लियामेंटरी होता है ?

श्री रामावतार शास्त्री : कामरेड ग्रन-पार्लियामेंटरी हो तो कटवाईये, लेकिन वह है नहीं ।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: "Comrade" is a friend.

सभापति महोदय (श्री चन्द्रजीत यादव): शास्त्री जी ग्राप ग्रपनी बात कहें ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं यह कह रहा था कि ग्रकाल की स्थिति 7, 8

राज्यों में है, बारिश समय पर नहीं हुई, अब थोड़ी-थोड़ी वर्षा हो रही है, तो "का वर्षा जब कृषि सुखानी" वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। तमाम जगह खाद्यान्न की कमी है, सुखाड़ और अकाल है ऐसी स्थिति में आपको राज्यों को थोड़ा मुक्त हस्त से मदद करनी चाहिए।

बंगाल को खाद्यान्न की मांग है। आज अखबारों ने लिखा है कि बिहार के मुख्य मंत्री ने प्रधान मंत्री को चिट्ठी लिखी है, उनको 1 लाख 50 हजार टन माहवार की जरूरत है। आप दे क्या रहे हैं -- 50 हजार टन चावल के बदले 20 हजार टन चावल और 20 हजार टन गेहूं, कुल 40 हजार टन।

मुख्य मंत्री ने प्रधान मंत्री से निवेदन किया है कि उनको फौरन 1 लाख 50 हजार टन चावल हर माह चाहिए तभी वह सुखाड़ का मुकाबला कर सकते हैं और उनके सामने और कोई मुकाबले का रास्ता नहीं है, भले हो भाषण कर लें, अखबारों में बयान दे लें कि हम यह शुरू कर रहे हैं, वह कर रहे हैं।

**सभापति महोदय** : मान रहे हैं कि बिहार में बिल्कुल प्रोक्योर नहीं किया।

**श्री रामावतार शास्त्री** : मेरा निवेदन है कि सुखाड़ की स्थिति में पुरानी उन्होंने कोई गलती की है तो उसके लिए उनको सजा दीजिये, उनको बर्खास्त कर दीजिए। हम भी मांग कर रहे हैं कि बर्खास्त कीजिए।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : अभी तो फसल हो कर चुकी है, अभी कैसे यह हो सकता है ?

**श्री रामावतार शास्त्री** : राव साहब, मैं कह रहा हूं कि उनको बर्खास्त कर दीजिए, लेकिन जनता को मत सताइये, उसे भूखा मत मारिये, राशन की दुकानों पर गल्ला न रहे, ऐसी स्थिति न होने दीजिए। बिहार को 10 करोड़ जनता की हिफाजत के लिए आगे आना चाहिए। दूसरे राज्यों में गल्ला देना चाहिए। जितने अकाल और सुखाड़ पीड़ित राज्य हैं, उनकी जरूरत की तरफ विशेष रूप से आपको ध्यान देना होगा तब लोग समझेंगे कि आपने उनके लिए कुछ किया है।

**श्री एन० के० शेजवालकर** : सभापति महोदय, मुझे एक निवेदन करना है। यह रिकार्ड पर बड़ी गलत बात आ रही है। 311 के सम्बन्ध में जो हमारे माननीय सदस्य ने बात कही मैं केवल उसी के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं।

**सभापति महोदय** : (श्री चन्द्रजीत यादव) : वह आपके बारे में एसपर्शन नहीं किया है।

श्री एन० के० शेजवालकर : लेकिन हाउस में यह बात अन-प्रोटेस्टेड चली जाये कि अन्याय करने वाले हैं, उनको चांस भी अपनी बात कहने का न मिले, यह गलत बात है।

**सभापति महोदय** : अब मंत्री जी बोलेंगे।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : सभापति महोदय, माननीय प्रो० रंगा ने कहा है कि स्टोरेज का इंतजाम और ज्यादा होना चाहिये। उन्होंने बिल्कुल सही कहा है। हमारे पास गोडाउन का इंतजाम इतना होना चाहिये कि हमारा अनाज बाहर न रहने पाये। एफ० सी० आई० की स्टोरेज की कैपेसिटी

[राव बीरेन्द्र सिंह]

काफी है—अगर मुझे ठीक याद है, तो कुल कैंपेसिटी 270 लाख टन के करीब है। वर्ल्ड बैंक प्राजेक्ट के अधीन अगले चन्द सालों में उसे शायद और 3.5 मिलियन टन के करीब आगे बढ़ाना है।

**सभापति महोदय** : अभी कितनी है ?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : 18 मिलियन टन के करीब एफ० सी० आई० की अपनी/इसके अलावा सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के गोडाउन है, स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशंज के गोडाउन है। अगर फिर भी कहीं कमी पड़ती है, तो लोगों के प्राईवेट गोडाउन किराये पर ले लिये जाते हैं। दिक्कत उस वक्त पड़ती है, जब कुछ जगहों पर ज्यादा अनाज प्रोक्युर होता है। पंजाब और हरियाणा में सारे का सारा आनज कुछ अरसे के लिये जमा करना पड़ता है, क्योंकि रेल से उसे क्लीयर करने में देर लगती है। रेल पर स्टेट की नार्मल सप्लाई का—अनाज, फर्टलाइज़र, कोयले और दूसरी चीज़ों का—बोझा होता है। प्रोक्युरमेंट सीज़न में सरप्लस स्टेट्स से सारा अनाज एक दम नहीं ले जा सकते, इस लिये कुछ अरसे के लिये उसको खुला रखना पड़ता है। अगर सारे देश में देखा जाय, तो कैंपेसिटी काफ़ी है। लेकिन कहीं कहीं आनज का ज्यादा ढेर जाम हो जाता है, जिससे दिक्कत होती है। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि जहां से अनाज इकट्ठा होता हो, वहां ज्यादा गोदाम बनाये जायें। उसकी तरफ सरकार का ध्यान है।

शास्त्री जी ने बिहार के लिये ज्यादा अनाज की मांग की है। आपने खुद ही फरमा दिया। बिहार अनाज पैदा करने वाली स्टेट है और उसमें पोटेंशल बहुत ज्यादा है। वहां काफी अनाज पैदा हो सकता है। अभी तो बिहार में गेहूं की फसल कट कर चुकी है। अगर प्रोक्युरमेंट नहीं हुआ, तो वह सारा गेहुं कहां चला गया ? वह लोगों के खाने के लिये हैं। वह घरों में भी है और मंडियों में भी है। थोड़ा इंतजार करना चाहिये। अगर बिहार का गेहूं बाहर नहीं गया है, अगर उसे एफ० सी० आई० ने नहीं खरीदा है और स्टेट गवर्नमेंट ने नहीं खरीदा है, तो उस गेहूं से काम चल सकता है। इसलिये हम अभी नहीं बढ़ा रहे हैं।

मैं विश्वास दिलाता हूं कि किसी इलाके में अनाज की कमी नहीं होने दी जायगी। अभी तो बारिश का मौसम है, अभी बरसात का मौसम है। बाज़ दफ़ा बाद में जो बरसात होती है, वह ज्यादा फ़ायदामन्द होती है। अगर पानी पहले बरस चुके और बाद में फ़सल सूख जाय, तो ज्यादा नुक्सान होता है। बारिश लेट जुलाई में शुरू हुई है। अगर वह अगस्त में चलती रही और इसका डिस्ट्रिब्यूशन ठीक हुआ, तो खरीफ का बम्पर क्राप भी हो सकता है। इसमें परेशानी या घबराने की बात नहीं है। बारिश को जितनी देर होगी, उसकी नमी अगली रबी की फ़सल को मदद दे सकती है, चने और सरसों की बिजाई अच्छी हो सकती है। अगर बिहार में भगवान ज्यादा नाराज़ रहे और वहां यह फसल पैदा न हो, तो हम अनाज की सप्लाई करेंगे और वहां की सारी दिक्कतों को दूर करेंगे।

MR. CHAIRMAN (Shri Chandrajit Yadav): The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

—